# राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

**सादर प्रकाशनार्थ :-**

**जयपुर, 01 जून।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा उदयपुर में आयोजित नव संकल्प शिविर में पारित घोषणा पत्र एवं निर्णयों के क्रियान्वयन हेतु राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जयपुर में 650 प्रतिभागियों के साथ कार्यशाला आयोजित की गई है जिसमें उदयपुर डिक्लेरेशन के 10 मुख्य बिंदुओं पर कार्यशाला के माध्यम से सभी प्रतिभागियों के सुझाव लेकर क्रियान्वयन हेतु निर्णय लिए जाएंगे।

उक्त विचार राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए व्यक्त किए उन्होंने कहा कि संगठनात्मक बदलाव हेतु मंडल कमेटियों के निर्माण, सभी जिलों में 75 किलोमीटर के लिए आयोजित होने वाली पदयात्रा, 15 अगस्त को राज्य स्तरीय विशाल सम्मेलन, मंडल तथा पीसीसी के विभाग एवं प्रकोष्ठों के सभी पदों पर 90 से 180 दिवस में भरे जाने की प्रक्रिया के प्रस्ताव पर चर्चा की गई है। उन्होंने कहा कि कार्यशाला में प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से राजनीतिक मसलों की पॉलिटिकल अफेयर कमेटी के गठन का प्रस्ताव रखा गया है जिसमें 10 से 12 सदस्य नियुक्त करने पर विचार विमर्श किया गया है। समिति के कार्य एवं क्षेत्राधिकार पर भी प्रतिभागियों से सुझाव आमंत्रित कर निर्णय पारित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्यसभा चुनाव के तत्काल पश्चात देश में बढ़ती महंगाई एवं बेरोजगारी के मुद्दे पर केन्द्र सरकार के विरूद्ध चलाए जाने वाले आंदोलन की रूपरेखा कार्यशाला में सभी प्रतिभागियों से चर्चा कर तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि आगामी चुनावों में पार्टी से लड़ने वाले प्रत्याशियों के चयन में युवाओं की भागीदारी पर चर्चा की जा रही है।

श्री डोटासरा ने कहा कि उदयपुर में आयोजित नव संकल्प शिविर में लिए गए निर्णयों की क्रियान्विति ही सर्वप्रथम राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा की गई है एक व्यक्ति एक पद तथा 50 साल से कम उम्र के युवकों की भागीदारी संगठन में सुनिश्चित करने के निर्णय की क्रियान्विति राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा की जा चुकी है। साथ ही जिला, ब्लॉक

2........

Created by Universal Document Converter

एवं मंडल स्तरीय बैठक तथा उनमें चर्चा किए जाने वाले मुद्दों पर सभी ने विचार व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि कार्यशाला में वरिष्ठ नेताओं के साथ ही डेलिगेट्स, युवा एवं कार्यकर्ताओं को भी बात रखने का मौका मिला है, उनकी बातों को सुना जाकर आगामी कार्यक्रमों का निर्धारण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल द्वारा गुजरात के साबरमती आश्रम से दिल्ली के राजघाट तक आजादी की गौरव यात्रा निकाली गई जिसमें सर्वाधिक यात्रा मार्ग राजस्थान में तय किया गया। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी सेवादल एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपना अमूल्य योगदान प्रदान किया। उन्होंने कहा कि उदयपुर नव संकल्प शिविर में लिए गए निर्णयों की क्रियान्विति ही के तहत् राजस्थान के 13 जिलों में नवनियुक्त अध्यक्षों को निर्देशित किया गया है कि पुनः कार्यकारिणी बनाकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी को दी जाये, जिसमें 50 प्रतिशत स्थान युवाओं से भरे जाकर महिला, ओबीसी तथा माइनॉरिटी को उचित प्रतिनिधित्व दिया जाये। उन्होंने कहा कि राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने एक व्यक्ति एक पद के निर्णय की प्रवृत्ति प्रारम्भ की है जिसके तहत राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष श्री महेंद्रजीत सिंह मालवीय, श्री रामपाल जाट, श्री गोविंद मेघवाल द्वारा मंत्रिमण्डल में स्थान पाने के पश्चात उपाध्यक्ष के पद से अपना त्यागपत्र राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी को सौंप दिया गया है। उन्होंने कहा कि एक पद एक व्यक्ति के सिद्धांत के आधार पर राष्ट्रीय प्रवक्ता तथा राजस्थान प्रदेश किसान कांग्रेस के अध्यक्ष श्री संदीप चौधरी ने भी बोर्ड में चेयरमेन बनने के पश्चात अपना इस्तीफा सौंप दिया है। उन्होंने कहा कि 5 साल अधिक से अधिक एक पद पर आसीन नहीं रहने के निर्णय लिए गये हैं जिसकी पालना में जिलाध्यक्ष श्री हीरालाल मेघवाल, श्री यशपाल गहलोत, श्री जाकिर हुसैन गैसावत एवं श्री फतेह खान ने अपने इस्तीफे अग्रिम कार्रवाई हेतु सौंप दिये हैं। साथ ही राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव श्री जसवंत गुर्जर एवं श्री जियाउर रहमान ने भी 5 साल से अधिक समय से सचिव पद पर आसीन होने के आधार पर अपना इस्तीफा सौंप दिया है जिसे अग्रिम निर्णय हेतु आलाकमान को भेजा जा रहा है।

उन्होंने कहा कि संगठन में बदलाव हेतु मंडल कमेटियों का गठन होना है, एक कमेटी में कितने पद हैं, कमेटी के अंतर्गत कितने बूथ हो, इस पर विचार-विमर्श डेलिगेट्स द्वारा

3........

Created by Universal Document Converter

किया जा रहा है। उदयपुर नव संकल्प शिविर में लिए गए निर्णयों की क्रियान्विति हेतु सभी कार्यकर्ताओं एवं नेताओं ने सकारात्मक विचार रखे हैं। उन्होंने कहा कि नव संकल्प शिविर में पारित निर्णयों एवं उनके आधार पर कार्यशाला में जो योजना बनाई जा रही हैं उनसे नई ऊर्जा प्राप्त कर हमारे कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर राजस्थान सरकार द्वारा जनहित में किए जा रहे कार्यों एवं मोदी सरकार द्वारा जनता से की गई वादाखिलाफी की जानकारी जन-जन को गांव-गांव, ढाणी-ढाणी जाकर देंगे तथा नई ऊर्जा के साथ कार्य करते हुए वर्ष 2023 में राजस्थान में पुनः कांग्रेस की सरकार बनायेंगे एवं वर्ष 2024 में केन्द्र से मोदी सरकार का सूपड़ा साफ करेंगे।

जयपुर के क्लार्क आमेर होटल में नव संकल्प शिविर की क्रियान्विति के तहत् आज आयोजित कार्यशाला में मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत सहित राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्षगण, पूर्व नेता प्रतिपक्षगण, राज्य से एआईसीसी के पदाधिकारीगण, पूर्व केन्द्रीय मंत्रीगण, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीगण, मंत्रीमण्डल के सदस्यगण, विधायकगण, विधायक प्रत्याशीगण, वर्तमान/निवर्तमान जिलाध्यक्षगण, विभाग व प्रकोष्ठों के निवर्तमान अध्यक्षगण, अग्रिम संगठनों युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस एवं सेवादल के प्रदेशाध्यक्षगण व जिलाध्यक्षगण, राज्यसभा सांसदगण, लोकसभा प्रत्याशीगण, जिला प्रमुखगण तथा सभी बोर्ड एवं निगमों के चेयरमेन प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यशाला में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविंद सिंह डोटासरा ने अपने स्वागत भाषण में सभी प्रतिभागियों का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए प्रदेश में आयोजित होने वाले आगामी कार्यक्रमों एवं उदयपुर नव संकल्प शिविर में पारित निर्णयों की जानकारी प्रतिभागियों को दी। साथ ही संगठन चुनावों के तहत् तकनीकी पहलुओं पर प्रकाश डाला।

कार्यशाला में नव संकल्प शिविर मैं पारित निर्णय की जानकारी डिजिटल प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रतिभागियों को प्रदान की गई तथा निर्णय एवं 10 बिंदुओं पर सभी प्रतिभागियों से विचार प्रकट करने हेतु सुझाव आमंत्रित किए गये। कार्यशाला में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं सहप्रभारी राजस्थान श्री तरुण कुमार, मंत्री श्री प्रताप सिंह खाचरियावास,

4........

Created by Universal Document Converter

कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य श्री रघुवीर मीणा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष श्री रामेश्वर डूडी, एआईसीसी प्रवक्ता श्री मोहन प्रकाश, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष श्री सचिन पायलट, राजस्थान से कांग्रेस के राज्यसभा प्रत्याशी श्री प्रमोद तिवारी एवं श्री मुकुल वासनिक ने भी संगठनात्मक बदलावों पर एवं युवाओं की भागीदारी को लेकर अपने विचार प्रकट किये। कार्यशाला में उपस्थित प्रदेश भर से आये हुए प्रतिभागियों ने अपने-अपने सुझाव प्रदान किए हैं जिन पर चर्चा की गई तथा प्रतिभागियों द्वारा दिए गए सुझावों पर कल भी चर्चा जारी रहेगी जिसके पश्चात सभी सुझावों को समेकित करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नव संकल्प शिविर मैं पारित निर्णय की क्रियान्विति के आदेश जारी किए जायेंगे। कार्यशाला में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के सचिव श्री गजेन्द्रसिंह सांखला विभिन्न विषयों पर पीपीटी द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का मंच संचालन प्रदेश प्रवक्ता श्री आर. सी. चौधरी ने किया।

**( स्वर्णिम चतुर्वेदी )**
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter